## 1. 5वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर दो राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान राष्ट्र को समर्पित

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्र को दो प्रमुख आयुर्वेद संस्थान समर्पित किए।
- पहला राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, **आयुर्वेदिक शिक्षण और अनुसंधान संस्थान (ITRA), जामनगर** और दूसरा **राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA), जयपुर** है।
- **नोट:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के महानिदेशक, डॉक्टर टेड्रोस एडनॉम घेब्येयियस ने घोषणा की कि भारत में पारंपरिक औषधि पर एक वैश्विक केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- आयुष मंत्रालय वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष धन्वंतरी जयंती यानी धनतेरस के अवसर पर आयुर्वेद दिवस मनाता है।

## 2. 8वीं ब्रिक्स STI (विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार) मंत्रिस्तरीय बैठक

- रूस के विज्ञान और उच्च शिक्षा मंत्रालय ने 13 नवंबर को बैठक का आयोजन किया।
- बैठक में सर्वसम्मति से ब्रिक्स STI घोषणा-पत्र 2020 और ब्रिक्स STI गतिविधियों का कैलेंडर 2020-21 को स्वीकार किया गया।
- ब्रिक्स समूह (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार मंत्रियों ने सदस्य देशों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग पर चर्चा की।
- भारत से, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बैठक में भाग लिया। भारतीय अनुसंधान और विकास महामारी का सामना करने के लिए प्रभावी हस्तक्षेप विकसित करने के लिए अथक रूप से काम कर रहे हैं। कोविड-19 के लिए 100 से अधिक स्टार्टअप ने अभिनव उत्पाद विकसित किए हैं।

## 3. गुरुग्राम में प्रदूषण नियंत्रण के लिए 'प्रोजेक्ट एयर केयर' शुरू

- हरियाणा के मुख्यमंत्री, मनोहर लाल खट्टर ने जिले में 'प्रोजेक्ट एयर केयर' का अनावरण किया, जिसके भाग के रूप में जिले भर में 65 विंड ऑग्मेंटेशन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स (WAYU) लगाए जाएंगे।
- प्रोजेक्ट एयर केयर' गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (GMDA) और GSK उपभोक्ता हेल्थकेयर कंपनी के बीच पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की शुरुआत है।राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान और IIT, बॉम्बे द्वारा निर्मित, वायु शोधन इकाइयां एक फिल्टर का उपयोग करके PM2.5 और PM2.10 कण, वाष्पशील कार्बनिक यौगिक और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषकों को कार्बन डाइऑक्साइड में परिवर्तित करते हैं।
- एयर प्यूरिफायर के निर्माताओं का दावा है कि यह ट्रैफिक वाले स्थानों पर पीएम10 कणों में 60 से 70 फीसदी, पीएम2.5 कणों में 30 से 40 फीसदी की कमी ला सकता है। और 500 वर्गमीटर में फैली प्रदूषित हवा को साफ कर सकता है।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

### 4. तीस मीटर दूरबीन परियोजना के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता एंड्रिया घेज और भारतीय खगोलविदों के बीच सहयोग

- ब्रह्मांड के गूढ रहस्यों का पता लगाने के लिए हवाई द्वीप के मोनाकिया में तीस मीटर दूरबीन लगाई जा रही है। इस अंतरराष्ट्रीय परियोजना में दूरबीन से जुड़े उपकरणों के संबंध में भौतिक विज्ञान के 2020 के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर एंड्रिया गेज ने भारतीय खगोलविदों के साथ काफी सक्रियता के साथ काम किया है।
- तीस मीटर दूरबीन (TMT) परियोजना कैलटेक, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, कनाडा, जापान, चीन और भारत के बीच एक अंतरराष्ट्रीय साझेदारी है।

### 5. आर्मीनिया और अज़रबैजान ने रूस की मध्यस्थता में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए

- आर्मीनिया और अजरबैजान ने नगोर्नो काराबाख के-विवादित क्षेत्र में सैन्य संघर्ष समाप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- यह अजरबैजान और जातीय अर्मेनियाई लोगों के बीच लड़ाई के छह सप्ताह का अनुसरण करता है।
- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलिएव और आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान के बीच यह समझौता हुआ।
- समझौते के तहत, अजरबैजान नागोर्नो-करबख के उन क्षेत्रों पर कब्जा करेगा जो संघर्ष के दौरान उससे ले लिए गए थे।
- आर्मेनिया भी अगले कुछ हफ्तों में कई अन्य आसन्न क्षेत्रों से वापस होने के लिए सहमत हो गया है।
- **विवाद का कारण:** नगोर्नो-काराबाख : सीमा क्षेत्र अर्मेनिया और अजरबैजान दोनों द्वारा दावा किया जाता है।

### 6. वर्जिन हाइपरलूप ने सफलतापूर्वक पहली यात्री सवारी पूरी की

- नेवादा रेगिस्तान, अमेरिका में, वर्जिन हाइपरलूप ने पहली बार हाइपरलूप पॉड में मानव यात्रा का परीक्षण किया।
- रिचर्ड ब्रैनसन की वर्जिन हाइपरलूप ने अपनी पहली यात्रा का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जिसमें लगभग 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से वायुहीन ट्यूब के द्वारा दो मनुष्य एक पॉड में बैठे थे।
- **नोट:** हाइपरलूप परिवहन का एक उच्च तकनीक तरीका है। इस तकनीक का उद्देश्य पारंपरिक तरीकों की तुलना में परिवहन को तेज करना है और इससे पर्यावरण पर बोझ भी नही पड़ता है।

### 7. आंग सान सू ची की डेमोक्रेटिक पार्टी ने म्यांमार चुनाव में बहुमत हासिल किया

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- आंग सान सू ची की राजनीतिक पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (NLD) ने 2020 की म्यांमार चुनाव में विजयी बहुमत हासिल किया है, जिससे अगली सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीटें हासिल हुई हैं।
- यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (USDP), सैन्य समर्थित पार्टी, सू ची की मुख्य विपक्षी पार्टी थी।
- **नोट:** 50 साल के दमनकारी सैन्य शासन के बाद से म्यांमार के दूसरे एकमात्र आम चुनाव में इस जीत के साथ, NLD संसद में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने के लिए तैयार है। नोबेल पुरस्कार विजेता सू ची को म्यांमार के स्टेट काउंसलर के रूप में एक और पांच साल का समय मिला है।

## 8. सोनू सूद की आत्मकथा शीर्षक 'आई एम नो मसीहा' दिसंबर में रिलीज के लिए तैयार

- शीर्षक आई एम नो मसीहा, पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित किया जाएगा और पत्रकार और लेखक मीना के अय्यर के साथ लिखा जाएगा।
- **किताब के बारे में:** सोनू सूद उन दुखों और अत्याचारों की कहानियां सुनाएंगे, जो लोगों को लॉकडाउन के दौरान हुए थे, जिसके बदले में उन्हें उनकी मदद करने के लिए और अधिक समर्पित किया गया था। आत्मकथा में, अभिनेता अपने अनुभव को भी साझा करेंगे कि लॉकडाउन के बीच लोगों के सामने आने के बाद जीवन के प्रति उनकी धारणा कैसे बदल गई।

## 9. बांग्लादेशी किशोर अंतर्राष्ट्रीय बाल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित

- बांग्लादेश के एक किशोर सादात रहमान को साइबर बाल अपराध को रोकने की दिशा में कार्य करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने सादात रहमान को नीदरलैंड में एक समारोह के दौरान प्रदान किया।
- सादात ने साइबर अपराध से पीड़ित किशोरों की मदद के लिए साइबर अपराध निरोधी ऐप 'साइबर टीन्स' बनाया है। यह ऐप युवाओं को इंटरनेट सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करता है और उन्हें गोपनीय रूप से साइबरबुलिंग के बारे में रिपोर्ट करने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है।

- **नोट:** रोम में नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं के 2005 के विश्व शिखर सम्मेलन के दौरान किड्स नाइट्स द्वारा यह पुरस्कार लॉन्च किया गया था। तब से, यह हर साल एक नोबेल शांति पुरस्कार विजेता द्वारा प्रदान किया जाता है।

## 10. 14 नवंबर, विश्व मधुमेह दिवस

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- विश्व मधुमेह दिवस 2020 का विषय द नर्स एंड डायबिटीज है।
- विश्व मधुमेह दिवस (WDD) 1991 में IDF (इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा बनाया गया था, जो कि मधुमेह द्वारा उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी खतरे के बारे में बढ़ती चिंताओं के लिए था।
- विश्व मधुमेह दिवस 2006 में एक आधिकारिक संयुक्त राष्ट्र दिवस बन गया। यह हर साल सर फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन पर 14 नवंबर को चिह्नित किया गया, जिन्होंने 1922 में चार्ल्स बेस्ट के साथ इंसुलिन की सह-खोज की थी।

- **नोट:** विश्व मधुमेह दिवस पर, WHO ने **वैश्विक मधुमेह कॉम्पैक्ट** की घोषणा की, जो की मधुमेह रोकथाम और प्रबंधन के लिए प्रभावी कार्यक्रमों को लागू करने में देशों का समर्थन करने के लिए एक व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण है।

gradeup

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests